केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 73 शनिवार 5 अक्टूबर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

चंद्रघंटाः कल्याणकारी है मां दुर्गा की तीसरी शक्ति...

पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता।।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा–आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए।

उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है।

इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र–शस्त्र से विभूषित हैं।

सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव–दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं।

नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए। इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। यह देवी कल्याणकारी है।

एक नजर

महेश शुक्ल का स्वागत 8 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेश गौ रक्षा सेवा आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल का आगामी मंगलवार को जनपद में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। जिसको लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि नवनियुक्त उपाध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत 8 अक्टूबर मंगलवार को दिन में 11 बजे जनपद में प्रथम आगमन प्रस्तावित है। उनके भव्य स्वागत के लिए घाघौवा से लेकर पंडित अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह तक विभिन्न जगहों पर स्वागत का कार्यक्रम निर्धारित कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। स्वागत कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षा गृह में आशीर्वाद समारोह के उपरांत संपन्न होगा। बैठक में जिला महामंत्री रामचरन चौधरी, अमृत वर्मा, रवि सिंह, अशोक गुप्ता, अमय सिंह गुड्डू, आलम चौधरी, दीपांशु विक्रम सिंह, विनोद शुक्ल, प्रबल मलानी, आनंद कलहंस, सरोज मिश्र आदि उपस्थित रहे।

सांसद धर्मेंद्र यादव का बस्ती में हुआ स्वागत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव के बस्ती पहुंचने पर सपा के जिला अध्यक्ष व सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत किया गया। वे खलीलाबाद में पार्टी के कद्दावर नेता स्वर्गीय मालचंद यादव की पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए जा रहे थे बस्ती हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पर सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया ।स्वागत करने वालों में कप्तानगंज विधायक अतुल चौधरी कप्तानगंज नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी, हरैया नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ सपा नेता विपिन सिंह, जमील अहमद, जावेद पिंडारी, प्रदेश सचिव आर डी गोस्वामी, विपिन त्रिपाठी, अखिलेश यादव, रिंटू यादव ,राम आशीष वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

सीओ जियाउलहक हत्याकांड में 10 दोषी करार

लखनऊ (आभा)। 2013 में की गई सीओ जिआउल हक हत्याकांड में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने हत्याकांड में आरोपित 10 लोगों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने सीओ की हत्या में फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल को दोषी करार दिया। कोर्ट ने सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। हालांकि इस केस में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह और उनके करीबी रहे गुलशन यादव भी आरोपी थे लेकिन दोनों को सीबीआई जांच में पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है।डीएसपी के पद पर तैनात जियाउल हक की दो मार्च 2013 को कुंडा में हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह बालीपुर गांव के प्रधान नन्हेयादव की हत्या की सूचना पर उनके घर गए थे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में 5 छात्रों का चयन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को सदर ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलिया पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में 55 विद्यालयों के 165 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक स्तरीय परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की गई। जिसमें 5 छात्र–छात्राओं का चयन जनपद स्तर पर मॉडल बनाने एवं क्विज में प्रतिभाग करने के लिए किया गया। जिसमें शिवांश, शनिराम, निखिल, अंकुर, खुशी गुप्ता शामिल रहीं। इन सभी को मोमेंटो, स्टेशनरी किट, बैग आदि देकर खंड शिक्षा अधिकारी और प्राथमिक शिक्षक संघ बस्ती सदर के ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। विकास क्षेत्र के दूर–दराज से आए परिषदीय स्कूलो के बच्चों मे अतिरिक्त उत्साह भरते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों एवं उनके संग आए शिक्षकों की प्रशंसा की और विज्ञान विषय की महत्ता को भी समझाया।

ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देता है। इससे बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने , विज्ञान,गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। इस अवसर पर ए. आर. पी. डॉ. राम शंकर पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, अविनाश शुक्ल, उमा शंकर बौद्ध,राबंद्र राय तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विज्ञान शिक्षक व बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया आर. एम. इण्टर प्राइजेज का उद्घाटन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कम्पनीबाग चौराहे के निकट आर.एम. इण्टर प्राइजेज दैनिक ग्रासरी प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। कहा कि शहर की बढती दैनिक जरूरतों को देखते हुये निश्चित रूप से नागरिकों को यहां सामानों के क्रय में सुविधा रहेगा।

आर.एम. इण्टर प्राइजेज के राहुल चौधरी ने बताया कि प्रतिष्ठान 24 घंटे खुला रहेगा और उपभोक्ताओं को उचित दर पर दैनिक रोजमर्रा की जरूरतों के सामान उपलब्ध होंगे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, प्रमुख समाजसेवी जगदीश शुक्ल, रविन्द्र प्रसाद चौधरी, अनिल चौधरी, अर्जुन उपाध्याय, शिवम शुक्ल, अखिलेश चौधरी 'विक्की' के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने जल शक्ति मंत्री से किया जल जीवन मिशन में मनमानी रोकने की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर जल जीवन मिशन योजना में व्याप्त मनमानी, गुणवत्ता में कमी आदि की जांच कराकर प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया। इसी कड़ी में उन्होने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर उन्हें जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वन में मनमानी पर अंकुश लगाये जाने, दोषियों पर कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया जिससे योजना का पूरा लाभ नागरिकों को मिल सके।

पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को दिये पत्र में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 309 रूधौली अन्तर्गत क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उन्हें बताया कि सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी गावों में स्वच्छ पेय जल मुहैया कराने के उद्देश्य से भूमिगत पाइप लाइन बिछाने, वाटर हेड टैंक के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए चयनित फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फा प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। योजना को निर्वाध रूप से संचालन के लिए विभिन्न पटलो पर तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर कम्पनी को नामित किया गया है। जिसके द्वारा 13 तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए वर्ष 2021 में ही संबंधित ब्लाको पर दो दिवसीय प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी करायी गयी। लेकिन अभी तक तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति नही हो सकी है। मिशन में नियुक्त शासन के अधिकारी, कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन नही कर रहे है, जिससे फर्म की मनमानी बढ़ रही है। इसके अलावा फर्मों द्वारा 30 प्रतिशत पर पेटी कान्ट्रैक्टरो से कार्य कराया जा रहा है, जिससे एक तरफ जहां कार्य की गुणवत्ता क्षीण हो रही है तो वही पेटी कान्ट्रैक्टरो का भुगतान भी लम्बित है और फंसता जा रहा है। उन्होने आग्रह किया कि निष्पक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा आवश्यकतानुसार अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने, पेटी कान्ट्रेक्टरो द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता को परखते हुए मुख्य फर्मों को भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित कराया जाय।

इसी कड़ी में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर पूर्व विधायक संजय प्रताप ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी गावों में भूमिगत पाइप लाइन बिछाने, वाटर हेड टेंक के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फा प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज को चयनित किया गया था। जिनके द्वारा घर घर पेय जल पहुंचाने के लिए सड़को की पटरियों से होकर पाईप बिछाने का कार्य किया गया था। इस दौरान क्षतिग्रस्त हुए सड़क व उसकी पटरियों को संस्था द्वारा यथा स्थिति नही बनाया गया। सड़को की पटरियां क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण राजस्व की भारी क्षति तो हुई ही है, आम जनता को भी आने जाने में काफी असुविधाएं आ रही है। शासन का स्पष्ट आदेश भी जारी हुआ है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पाइप बिछाने के दौरान खोदे गये सड़को की पटरियों को गुणवत्ता पूर्ण पुर्ननिर्मीमाण कराते हुए उसकी तय सीमा तक रख रखाव करने की जिम्मेदारी होगी। यह भी संज्ञान में आया है, कि वाटर हेड टैंक, पाइल लाईन, टोटी फिटिंग सहित अन्य कार्य का निर्माण कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत के प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर जिला प्रशासन को सन्तोषजनक कार्य की आख्या प्रस्तुत कर दी जा रही है। जिसपर जल जीवन मिशन के जिम्मेदार अधिकारी बिना स्थलीय निरीक्षण के भुगतान की प्रक्रिया भी कर दी गयी है। इससे जहां कार्य की गुणवत्ता क्षीण हुई है तो महत्वपूर्ण योजना में सरकार की छवि भी भूमिल हो रही है। जिसकी जांच कराकर दोषी फर्मों एवं जिम्मेदार अधिकारियों , कर्मचारियों पर विधिक कार्यवाही किया जाय। पूर्व विधायक ने बताया कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मामले में प्रभावी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है।

–प्रभावी कार्रवाई के लिये मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में गरजे रोजगार सेवकः मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रान्तीय आवाहन पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के परिसर में एकत्र हुये और मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुये कम्पनीबाग, तहसील होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां अतिरिक्त अधिकारी प्रथम, उप जिलाधिकारी रश्मि यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। वादा निभाओं कार्यक्रम के दौरान रोजगार सेवकों ने मानदेय 10 हजार रूपये करने, एच.आर. पालिसी बनाये जाने, ई.पी. एफ. का लाभ देने और नियमित किये जाने की मांग किया।

ज्ञापन सौंपने के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल और जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक अल्प मानदेय के कर्मचारी है। विकास कार्यो में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इसे देखते हुये इनकी जायज मांगों को पूरा किया जाय। परिषद का रोजगार सेवकों को पूरा समर्थन है।

उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव, प्रान्तीय उपाध्यक्ष अमित किशोर यादव, मण्डल अध्यक्ष इन्द्रजीत वर्मा, रमेश चन्द्र चौधरी आदि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 के मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में घोषणा किया था कि रोजगार सेवकों का मानदेय 10 हजार रूपये करके एच.आर. पालिसी बनाकर ई.पी.एफ. का लाभ दिलाया जायेगा किन्तु वे अपने वायदे को भूल गये। इसे लेकर रोजगार सेवकों में आक्रोश है। मांग किया कि सरकार वादा निभाये। संचालन करते हुये ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री राजेश कुमार यादव, प्रवक्ता प्रवीन कुमार ने कहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में कम्प्यूटर आपरेटर संघ अध्यक्ष अरविन्द कुमार, वृजेश दूबे, फरहत जहां, शहनशाह आलम, कमाल अहमद, इरसाद अहमद, नफीस, सुरेश चन्द्र चौधरी, ऋतुराज चौधरी, सत्यप्रकाश, अखिलेश चौधरी, अवनीश शुक्ला, राजकुमार पाण्डेय, सन्तराम, मनोज कुमार उपाध्याय, कैशो यादव, शशिबिन्दु उपाध्याय, राम मनोहर, चन्द्रशेखर चौधरी राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, राजेश कुमार यादव, छाया देवी आरती देवी, मंजू चौधरी, गीता त्रिपाठी, रीना चौधरी, सरिता शुक्ला, दीपा, ज्योति गिरि, कुसुमलता, रन्जू चौहान, सुनीता देवी राम चन्द्र , मनोज मिश्रा, प्रवीन कुमार, सूबेदार दूबे, विक्रमजोत, ब्रजेश सिंह, राम सिंह पटेल, श्रवण, शत्रुहन्ता यादव, हरिशंकर यादव , राजेन्द्र कुमार चौधरी , सुनील भारती के साथ ही संघ के ब्लाक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

–राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया रोजगार सेवकों के मांगों का समर्थन

सनातन के रक्षा का संकल्पः सम्मानित हुईं विभूतियां

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। देव फाउंडेशन बस्ती के 6वे वार्षिक समारोह में प्रेस क्लब बस्ती में मुख्य अतिथि महंत राजू दास महाराज मुख्य अतिथि एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ला की उपस्थित में फाउंडेशन के कर्मशील सदस्यों समाज सेवा से जुड़े सम्मानित नागरिकगण. समाजसेवी सदस्यों को सम्मानित किया एवं देव फाउंडेशन संस्था के समाज मे किये गये कार्यो की सराहना किया।

इस अवसर पर अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत पुजारी राजू दास ने कहा कि देश सुरक्षित तभी है जब आम जनमानस अपने संस्कारों को पुनर्जीवित कर सनातन की रक्षा एवं देश के रक्षा का संकल्प सभी को लेना होगा।

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल ने कहा कि समाज को प्रत्येक घर मे गौ सेवा के संकल्प लेने के महत्व को जरूरी कदम समझना चाहिए उन्होंने अपने स्मरणों को साझा करते हुए कहा की गोपालन न केवल एक व्यवसाय है बल्कि हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण उपाय है

–संकल्पों के साथ मनाया देव फाउंडेशन का स्थापना दिवस

जिससे तमाम बीमारियों की रक्षा होती है उन्होंने उत्तर प्रदेश में गौ सेवा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। सम्मान समारोह में आये अतिथि बस्ती नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, भूपेंद्र चौधरी, कौशल पांडेय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था द्वारा ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिक्षा के कार्य के साथ बच्चों के बचपन की रक्षा, नारी शक्ति के आत्म निर्भरता के चलाए जाने वाले कार्यक्रम के साथ पर्यावरण की सुरक्षा एवं ग्रामीणों के बीच कलात्मक कार्यो और संस्कृति की रक्षा करने के संकल्प की प्रशंसा की।

संस्था के उपस्थित सदस्य गोरखपुर के कॉर्डिनेटर रेखा पाण्डेय, बस्ती की सदस्य लक्ष्मी अरोड़ा, शैल त्रिपाठी, त्रयंम्बक दुबे, कमल त्रिपाठी, सिद्धार्थ नगर की बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा मिश्र, बस्ती की अध्यक्ष रोली सिंह, महिला मोर्चा की मंत्री शालिनी मिश्रा एवं अम्बेडकर नगर. लखनऊ एवं अन्य जिले से उपस्थित अन्य सदस्य आदि सभी गणमान्य जनों ने देव फाउंडेशन के कार्यो में सहयोग और साथ रहकर निरंतर कार्य करने की संकल्प लिया।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 184 मरीजों का उपचार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा द्वारा शुक्रवार को निःशुल्क जांच व दवायें उपलब्ध करायी गई। डा. वर्मा ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर उन गरीब परिवारों के लिये विशेष उपयोगी हैं जो आर्थिक संकट के कारण अस्पताल नहीं आना चाहते और बीमारियां ढोते रहते हैं। बताया कि पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा द्वारा ऐसे शिविर जनहित में आयोजित किये जाते हैं।

शिविर में डा. आर.एन. चौधरी, डा. आलोक रंजन, डा. चन्दा सिंह, डा. इरफाना बानो, डा. अतुल श्रीवास्तव, डा. मनोज मिश्र, डा. लालजी यादव, डा. रीतेश चौधरी आदि ने योगदान दिया।

प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा के संयोजन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 184 मरीजों का उपचार करने के साथ ही

अमेठी में शिक्षक सहित पूरे परिवार की हत्या से रोषः शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापनः कार्रवाई की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग किया कि अमेठी में शिक्षक सहित पूरे परिवार की हत्या करने वाले आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा तथा अमरोहा में उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान शिक्षक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी बीएसए को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद अमेठी के परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक सुनील कुमार उसकी पत्नी व दो बेटियों की गुरुवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में यदि कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो शिक्षक संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने बताया कि बीते मंगलवार को सुबह जनपद अमरोहा में एक शिक्षक ने उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना से विद्यालय में ही फांसी लगा लिया और अपने सुसाइड नोट में बीएसए व अन्य को जिम्मेदार बताया लेकिन अभी तक उस पर कोई कड़ी कार्यवाही नहीं हो सकी है। उक्त दोनों घटनाओं से पूरे प्रदेश का शिक्षक समाज आक्रोशित व भयभीत है। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव और जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्र ने मुख्यमंत्री और अन्य आला अधिकारियों तक शिक्षकों की बात पहुंचाने की मांग किया जिससे मृतक शिक्षक के परिजनों को न्याय मिल सके।

ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्रवीण श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री अविनाश दुबे ,संजय यादव,अनिल पाठक,शिवप्रकाश सिंह,विजय यादव,धर्मराज यादव,शिक्षामित्र जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ल,अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह,पवन यादव,संतोष पाण्डेय,पवन यादव ,संजय चौधरी, आशीष दुबे,गिरजेश चौधरी ,अशोक यादव ,सुरेंदर यादव,उमेश चंद्र राव,राजेश कुमार,हरेंद्र यादव शामिल रहे।

लेखपाल की शिकायत मंहगी पड़ीः सुशील कुमार को जान से मारने की धमकी

-एस.पी. से लगाया न्याय की गुहारः शिवम श्रीवास्तव और लेखपाल सतीश श्रीवास्तव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र के जयपुरवा निवासी सुशील कुमार को लेखपाल सतीश श्रीवास्तव की शिकायत मंहगी पड़ रही है। उनके गुर्गे सुशील कुमार को जान से मार देने की धमकियां दे रहे हैं। शुक्रवार को सी.सी.टी.वी. फुटेज के साथ सुशील कुमार ने एसपी से मिलकर अपने और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई और मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग किया। सुशील कुमार ने एसपी को बताया कि 2 अक्टूबर को घटित घटना की लिखित शिकायत शहर कोतवाली पुलिस को दिया गया था किन्तु अभी तक मामले में कोई कार्रवाई न होने से वे और उनका परिवार किसी अनहोनी को लेकर डरा हुआ है।

एसपी को दिये पत्र में सुशील कुमार ने कहा है कि वह ग्राम शंकरपुर थाना धनघटा जनपद संत कबीर नगर हाल मुकाम जयपुरवा कटेश्वर पार्क थाना कोतवाली जिला बस्ती का स्थाई निवासी है और जयपुरवा में मेडिकल स्टोर चलता है। उसने शिवम श्रीवास्तव व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया था जिससे नाराज होकर गत 2 अक्टूबर को लगभग 5 बजे शिवम श्रीवास्तव सफेद आर्टिका कार से उनकी दुकान के बाहर आए, शिवम गाड़ी में ही बैठा रहा और चार अज्ञात व्यक्ति को अंदर भेज दिया। इसके बाद उनके कर्मचारी लालचंद ने जब उन लोगों से पूछताछ करने लगा कि क्या काम है बताइए तो उक्त लोगों ने लालचंद को भद्दी भद्दी गाली दिया। कहा कि सुशील कुमार कहां है उसको बुलाओ आज यही सारी जांच पड़ताल उसकी शिकायत का कर देंगे जो उसने शिवम् और लेखपाल सतीश के विरुद्ध दिया है । लालचंद के विरोध करने पर उक्त लोग धमकी देते हुए चले गए कि अगर सुशील ने शिवम श्रीवास्तव और व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव के विरुद्ध दिए शिकायत को वापस नहीं लिया तो ना तो उसका मेडिकल ही रहेगा और ना सुशील जिंदा रहेगा । घटना के समय वह मेडिकल स्टोर पर नहीं था । घटना की सूचना उसी दिन रात्रि के 9 बजे कोतवाली बस्ती में दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुशील कुमार ने कहा है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो इसके लिये शिवम श्रीवास्तव व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव और उसके सहयोगियों को भी जिम्मेदार माना जाय। उसने स्वयं और परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 5 अक्टूबर 2024 शनिवार

सम्पादकीय

जेल में जातिवाद

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी–खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था। जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था कि यदि कैदी नाई है तो उसे बाल व दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा, ब्राह्मण कैदी को खाना बनाने का काम मिलेगा और वाल्मीकि कैदी को सफाई का काम दिया जाता था। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इस मामले में दस महीने के भीतर ही सुनवाई पूरी कर ली थी। यहां तक कि दस जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को अदालत में पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की जेल नियमावली को पढ़ते हुए कहा कि ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने भी फरवरी में एक नोटिस जारी करके कहा था कि ये भेदभाव गैरकानूनी है। साथ ही कहा कि जेल मैन्युअल कैदियों को धर्म व जाति के आधार पर बांटते हैं। उसी आधार पर काम बांटते हैं। साथ ही राज्यों व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उनके राज्यों में जेल के नियमों में किसी तरह का भेदभावपूर्ण प्रावधान न हो। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों को कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करने को कहा गया था। साथ ही यह भी कि प्रत्यक्ष व परोक्ष भेदभावपूर्ण व्यवहार से कैदियों में कटुता पैदा होगी। शीर्ष अदालत ने इस भेदभाव को औपनिवेशिक शासन की विरासत बताते हुए तुरंत खत्म करने को कहा क्योंकि हर कैदी भी गरिमा से जीवन जीने का अधिकार रखता है।

कैमरे की निगरानी और जीवन की सुरक्षा

–डॉ. रिपुदमन गुलाटी–

डिजिटल युग के आगमन ने अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति का युग शुरू किया है, जिससे हमारे रहने, काम करने और बातचीत करने के तरीके बदल गए हैं। जबकि ये नवाचार कई लाभ लाए हैं, इन्होंने गोपनीयता, नागरिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं के क्षरण के बारे में भी गंभीर चिंताएं उठाई हैं। लेकिन निगरानी का बढ़ता सिलसिला हमारी आधुनिक दुनिया का एक अभिन्न अंग बन गया है।

निगरानी, जो कभी केवल कानून प्रवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा तक सीमित थी, ने अब ऑनलाइन व्यवहार की ट्रैकिंग करने से लेकर भौतिक आंदोलनों की निगरानी तक कई प्रकार की गतिविधियों को शामिल करने के लिए विस्तार किया है। सरकारें, कार्पोरेट और यहां तक घ्कि व्यक्ति अब हमारे जीवन के बारे में बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर सकता है, जिससे हमारे गोपनीयता के अधिकार की सीमा और दुर्दुयवहार की संभावना के बारे में प्रश्न उठते हैं।

निगरानी कैमरे अब सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और स्टोरों से लेकर सरकारी भवनों तक में आम हो गए हैं। निरूसंदेह, ये कैमरे अपराध को रोक सकते हैं और जांच में सहायता कर सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक रूप से व्यक्तियों की निगरानी किस हद तक की जानी चाहिए, इसके बारे में भी प्रश्न उठाते हैं। चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी हाल के वर्षों में तेजी से विकसित हुई है, जिससे अधिकारियों को वास्तविक समय में व्यक्तियों की पहचान करने में सक्षम बनाया गया है। जबकि यह तकनीक कानून प्रवर्तन उद्देश्यों के लिए उपयोगी हो सकती है, इसने इसके दुरुपयोग की आशंका को भी बढ़ाया है। अध्ययन से पता चला है कि चेहरे की पहचान के एल्गोरिदम कुछ जनसांख्यिकी के खिलाफ पक्षपाती हो सकते हैं, विशेष रूप से रंग के लोगों के खिलाफ। यह पूर्वाग्रह भेदभावपूर्ण परिणामों में ले जा सकता है, जैसे गलत गिरफ्तारी या निरोध। सार्वजनिक स्थानों में चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग बड़े पैमाने पर निगरानी और गोपनीयता के क्षरण के बारे में चिंताएं उठाता है।

कुछ आलोचकों का तर्क है कि निगरानी कैमरों का प्रसार एक 'पैनोप्टिकन प्रभाव' पैदा करता है, जहां व्यक्ति लगातार देखा जाना और निगरानी महसूस करते हैं, जिससे अभिव्यक्ति और व्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। निगरानी फुटेज का भंडारण और प्रतिधारण डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग की संभावना के बारे में चिंताएं उठाता है।

पैनोप्टिकन प्रभाव एक सामाजिक सिद्धांत है जो यह बताता है कि जब लोग लगातार निगरानी में महसूस करते हैं, तो वे अपने व्यवहार को बदलने और अधिक अनुपालन करने की अधिक संभावना रखते हैं। यह शब्द जेरमी बेंथम द्वारा डिजाइन किए गए एक काल्पनिक जेल से लिया गया है, जहां एक केंद्रीय गार्ड टॉवर से सभी कैदियों को देख सकता था, जबकि कैदियों को यह नहीं पता था कि वे देखे जा रहे हैं या नहीं। इस सिद्धांत के अनुसार, जब लोग सोचते हैं कि वे निगरानी में हैं, तो वे अपने व्यवहार को समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए दबाव महसूस करते हैं। यह प्रभाव सत्ता के एक नये रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि यह लोगों को नियंत्रित करने और उनके व्यवहार को बदलने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

निगरानी के लाभ निर्विवाद हैं। इसने अपराध, आतंकवाद और सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निगरानी प्रणालियों ने अपराधियों की पहचान करने, हमलों को रोकने और बीमारियों के प्रसार को ट्रैक करने में मदद की है। इसके अलावा, उन्होंने ट्रैफिक प्रवाह में सुधार, संसाधन आवंटन का अनुकूलन और सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने में योगदान दिया है। हालांकि, निगरानी के संभावित नुकसान भी उतने ही घातक हैं। व्यक्तिगत डेटा का बड़े पैमाने पर संग्रह रखना, मुक्त भाषण, संगति और असंतोष पर एक गहरा प्रभाव डाल सकता है। यह एक निगरानी समाज भी बना सकता है जहां व्यक्ति लगातार निगरानी महसूस करते हैं और अपनी अभिव्यक्ति की क्षमता में प्रतिबंधित महसूस करते हैं। इसके अलावा, निगरानी का उपयोग भेदभावपूर्ण या दमनकारी उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, विशेष रूप से हाशिए के समूहों के खिलाफ। हाल के वर्षों में निगरानी के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर निगरानी कार्यक्रमों का कार्यान्वयन रहा है। इन कार्यक्रमों में फोन कॉल, ईमेल और इंटरनेट खोज जैसे व्यक्तिगत डेटा का व्यापक संग्रह और विश्लेषण शामिल है। जबकि समर्थक तर्क देते हैं कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं, लेकिन यह नागरिक स्वतंत्रताओं के लिए खतरा भी है।

निगरानी के लाभों और हानियों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए, स्पष्ट और लागू होने योग्य गोपनीयता कानून स्थापित करना आवश्यक है। इन कानूनों को निगरानी की सीमाओं को परिभाषित करना चाहिए, व्यक्तियों के गोपनीयता के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि डेटा का संग्रह और उपयोग नैतिक रूप से किया जाता है। सरकारों को भी अपनी निगरानी गतिविधियों के बारे में पारदर्शी होना चाहिए। सत्ता के दुरुपयोग और निरंकुशता को रोकने के लिए निरीक्षण के अधीन होना चाहिए। कानूनी ढांचे के अलावा, गोपनीयता जागरूकता और शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। व्यक्तियों को अपने अधिकारों को समझने और अपनी गोपनीयता की रक्षा के लिए कदम उठाने के लिए सशक्त होना चाहिए। इसमें अपनी ऑनलाइन गतिविधियों के प्रति सचेत रहना, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के बारे में सावधान रहना शामिल है। निरूसंदेह, निगरानी के युग में जीवन और स्वतंत्रता को संतुलित करना एक जटिल चुनौती है।

वजूद बचाने के लिए लड़ता–भिड़ता इजरायल

–अभिनव आकाश–

हसन नसरल्लाह अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा। उसके जाने के बाद दुनिया और ज्यादा सुरक्षित हो गई है। 27 सितंबर की शाम इजरायल ने हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर बमबारी की और कई घंटों के बाद नसरल्लाह की मौत की पुष्टि हुई। इस घटना ने पूरे मीडिल ईस्ट में हड़कंप मचा दिया है। दरअससल, हिजबुल्ला लेबनान का चरमपंथी संगठन है और उसकी अपनी सेना है। हिजबुल्लाह राजनीतिक पार्टी भी है। लेबनान की संसद में उसके सांसद बैठते हैं। ये सारा मुकाम नसरल्लाह के दौर में हासिल हुआ। वो 1992 में हिजबुल्लाह का सरगना बना था। बमबारी में उसके जाने के बाद मीडिल ईस्ट में सबसे खतरनाक दौर की शुरुआत भी हो चुकी है। नसरल्लाह ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई का करीबी था। ईरान ने उसके सम्मान में पांच दिनों के शोक का ऐलान भी किया। ये भी कहा कि इजरायल से बदला लिया जाएगा। कहा जा रहा है करि ईरान ने मध्य पूर्व में अपना सबसे विश्वसनीय सहयोगी खो दिया।

मध्य पूर्व में लंबे समय से जिस 'व्यापक युद्ध' की आशंका जताई जा रही थी, वो अब शुरू हो गई है. इजरायल पर फिलिस्तीनी संगठन हमास के 7 अक्टूबर के हमले को अब एक साल होने को हैं. इसी बीच मध्य–पूर्व में घटनाक्रम इतनी तेजी से बदले कि अब पूरा मध्य–पूर्व एक बड़े संघर्ष में प्रवेश कर चुका है. तनाव में हालिया इजाफा लेबनानी संगठन हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की इजरायली हमले में मौत से हुआ. ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह चीफ की हत्या के बाद भी इजरायल रुका नहीं बल्कि उसने लेबनान पर जमीनी आक्रमण शुरू कर दिया। अपने प्रॉक्सी पर होते हमले देख ईरान भी टकराव में उतर आया और मंगलवार रात उसने इजरायल पर लगभग 180 मिसाइलें दागीं. मध्य–पूर्व में इतना तनाव 1967 के अरब–इजरायल युद्ध के बाद से कभी देखने को नहीं मिला है.

ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायल पर हमलों को लेकर कहा है कि ये हमला हमास चीफ इस्माइल हानिया, हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी के कमांडर अब्बास निलफोरोशान का हत्या के जवाब में किया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए गए एक पोस्ट में हमले को लेकर कहा, श्हमारी कार्रवाई तब तक के लिए समाप्त हो चुकी है, जब तक कि इजरायली सरकार हम पर आगे कोई हमला नहीं करती. अगर ऐसी स्थिति पैदा होती है तो हमारी प्रतिक्रिया अधिक मजबूत और शक्तिशाली होगी।

कुछ विश्लेषकों का कहना है कि क्षेत्र में आगे क्या होता है, यह इजरायल पर निर्भर करता है, क्योंकि ईरान ने चेतावनी दी है कि आगे किसी भी हमले का जवाब दोगुनी ताकत के साथ दिया जाएगा। तुर्की के ब्रॉडकास्टर टीआरटी वर्ल्ड से बात करते हुए पत्रकार और मध्य पूर्व विश्लेषक रामी खोरी ने कहा, इस समय हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि ईरान का यह हमला उसकी व्यापक हमले की प्लानिंग का हिस्सा है या नहीं. फिलहाल के लिए तो मामला थोड़ा शांत है लेकिन आप इसका अंदाजा नहीं लगा सकते कि इजरायल अगले पल क्या करने वाला है। वहीं, कतर विश्वविद्यालय में समकालीन इतिहास और मध्य पूर्व राजनीति के प्रोफेसर महजूब ज्वेरी ने कहना है कि ईरान ने यह हमला अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए किया है. उनका कहना है कि श्नेतन्याहू की सरकार पिछले कई महीनों से ईरान का सैन्य और राजनीतिक रूप से उत्पीड़न कर रही है जिसके बाद अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए ईरान ने यह हमला किया है।

हसन नसरल्लाह की मौत के बाद अमेरिकी प्रशासन ने आनन फानन में इस अटैक से खुद का पल्ला झाड़ लिया था। बाइडेन प्रशासन ने साफ किया था कि हमले से उसका कोई लेना–देना नहीं है। हालांकि इजरायलियों ने जरूर कहा कि उन्होंने पहले ही इस बारे में इंफार्म कर दिया था। अमेरिका भले ही खुद को पाक–साफ बता रहा हो, लेकिन नसरल्लाह को मारने के लिए इस्तेमाल की गई मिसाइलें तो संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा ही उपलब्ध कराई गई थीं। ऐसे में वे लाख खुद को इस हमले से दूर करने की कोशिश कर लें, लेकिन इजरायल के इतने बड़े ऑपरेशन को अमेरिका को साथ में रखें बिना किया जाना इतना भी आसान नहीं है।

इजरायली पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू ने ईरान के लोगों से कहा कि हर दिन, आप एक ऐसे शासन को देखते हैं जो आपको अपने अधीन कर लेता है। अगर उन्हें आपकी परवाह है, तो वह पूरे मिडिल ईस्ट में वेवजह के युद्धों पर अरबों डॉलर बर्बाद करना बंद करेगा। आपके जीवन में सुधार करना शुरू कर देगा। जब आखिर में ईरान आजाद होगा और वह पल बहुत जल्द आएगा, तब हमारे दो देश– इस्राइल और ईरान शांति से रहेंगे। मतलब नेतन्याहू ने ईरानी लोगों को दिए अपने संदेश में साफ कर दिया कि ईरान ने उसके खिलाफ कोई भी कदम उठाया तो इजरायली सेना उस पर धावा बोल देगी।

अमेरिका का ईरान को उकसाने का सीधा मकसद उसके युद्ध में एंट्री लेने से है। दरअसल, अमेरिका का मुख्य मकसद ईरान में सत्ता परिवर्तन या अपनी मर्जी की सरकार को स्थापित करना है। लेकिन इस मकसद को डायरेक्ट अटैक करके इसे हासिल नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इजरायल पर ईरान की तरफ से उठाए गए कोई भी कदम को लेकर अमेरिका सीधे जंग में उतर सकता है। वैसे भी सीधे किसी देश में कार्रवाई के लिए सैनिक भेजने वाले पिछले इराक और अफगानिस्तान वाले कदम के बाद अमेरिका ने अपनी नीति में बदलाव लाए हैं। एयर स्ट्राइक और बमबारी करके ईरान के सैन्य बल को पहले नष्य किया जाएगा। इसके बाद ईरान में मौजूद विरोधी गुटों को समर्थन और हथियार देकर आगे बढ़ाया जाएगा

अमेरिका के लिए आंखों का कांटा ईरान लंबे समय से है। अमेरिका की तरफ से ईरान पर कई सारे प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। वहीं मीडिल ईस्ट में ईरान के बढ़ते प्रभाव कई सारे चरमपंथी जमात यमन में हूती, लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक के अंदर चरमपंथी समूहों को ईरान का खुला समर्थन है, जिन्होंने क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। अमेरिका के लिए ये समूह बड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं। अब उसका मानना है कि बिना ईरान में सत्ता बदले बिना इराक और अफगानिस्तान में दबदबा नहीं कायम हो सकेगा।

ईरान के पास तेल और गैस का बड़ा भंडार है। ईरान के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल भंडार है। वहीं, गैस के मामले में वह दुनिया में दूसरे नंबर पर है। इसके साथ ही ईरान में दूसरे खनिज पदार्थ भी बड़ी मात्रा में हैं। ईरान की सीमा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, अजरबैजान, इराक, तुर्की, आर्मेनिया और रूस से मिलती हैं। इस क्षेत्र में खनिज पदार्थों का विशाल भंडार है, जो बेशकीमती है। ईरान के जरिए ही खनिज से समृद्ध मध्य एशिया में पहुंचा जा सकता है। ईरान में प्रभुत्व स्थापित किए बिना यह संभव नहीं है।

जम्मू–कश्मीर में चुनाव ऐतिहासिक पड़ाव

तो जम्मू–कश्मीर विधानसभा के चुनाव सम्पन्न हो गए और यह पुराना जम्मू–कश्मीर नहीं है। क्योंकि इसके चुनाव पर देश दुनिया की नजर लगी थी और लगी हुई है। पर शांतिपूर्ण ढंग से और एकदम नई हवा के झौंके के बीच चुनाव का पूरा हो जाना भी एक ऐतिहासिक पड़ाव है। अब सरकार के गठन वाला दौर भी कुछ नई दिलचस्प स्थितियों को जन्म दे सकता है और भाजपा तथा देश की राजनीति पर असर डालेगा इसलिए उस पर भी देश और दुनिया की नजर होगी। धारा 370 की समाप्ति, इस सीमांत प्रदेश को 3 हिस्सों में बांटना और फिर जम्मू–कश्मीर विधान सभा सीटों के पुनर्गठन ने चुनाव को ज्यादा दिलचस्प बना दिया था। जब से कश्मीर ने भारत में विलय को स्वीकार किया था तब से 370 ही इस जुड़ाव का आधार माना जाता था। पर धीरे–धीरे उसे भी एक तमाशा बना दिया गया था और अपनी राजनीतिक नाकामियों या कमजोरियों को ढंकने के लिए उसका इस्तेमाल होने लगा था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी का एक समांतर विमर्श लगातार चलता रहा और उससे देश भर में वह अपनी राजनीति को आगे बढ़ाती गई लेकिन खुद कश्मीर में भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शहादत से लेकर काफी कुछ हुआ था। उस लिहाज से यह चुनाव एक प्रभावी और आम विमर्श (धारा 370 के पक्ष वाला) के मुकाबले पहली बार संघीय विमर्श के ऊपर आने के बाद का चुनाव था। लेकिन विधानसभा चुनाव से पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में इस पहलू ने दम तोड़–सा दिया क्योंकि भाजपा ने घाटी में अपने उम्मीदवार उतारे ही नहीं और बहुत साफ ढंग से गठबंधन करके किसी और दल या निर्दलीय को समर्थन भी नहीं दिया।

उसका समर्थन किन लोगों को रहा इसके इशारे बहुत साफ थे। लेकिन बाकी ही क्यों भाजपा के लोग भी तब निराश हुए जब इस बार के चुनाव में भी पार्टी ने घाटी की ज्यादातर सीटें न लडने का फैसला किया और निर्दलीय तथा छोटे दलों से गठबंधन को लेकर भी कोई साफ राजनीति नहीं की। इंडिया गठबंधन को भी 3 बड़ी पाघ्टयों को संभालकर चुनाव लडने में दिक्कत हुई और न सिर्फ महबूबा मुफ्ती की पार्टी पी.डी.पी. अलग होकर लडने उतरी बल्कि कांग्रेस और नैशनल कांफ्रेंस में गठबंधन रहने के बावजूद अनेक सीटों पर 'दोस्ताना' मुकाबला हुआ। तब भी इसी गठजोड़ को आगे माना जाता रहा।

यह जरूर हुआ कि आखिर तक आते–आते और चुनाव के मुख्य रूप से जम्मू क्षेत्र में पहुंचने पर इस गठजोड़ को ज्यादा मुश्किल आने की बात हवा में आने लगी। जिस निर्दलीय सांसद इंजीनियर राशिद पर भाजपा का आदमी होने की मोहर कैसे लगती गई, उनका मानना था कि अगर उनको एक हफ्ता पहले पैरोल मिल जाती तो वे राज्य में सरकार बनानेध्बनवाने की स्थिति में होते। राशिद इंजीनियर की बात अपनी जगह है और पिछले चुनाव में जेल से ही उमर अब्दुल्ला को 2 लाख से ज्यादा मतों से हराने का रिकार्ड उनकी ताकत को बताता है लेकिन बीच चुनाव में उनको पैरोल मिलने से उनको और अनेक निर्दलीयोंध् छोटे दल वालों को भाजपा का एजैंट कहे जाने का स्वर चुनाव के दौरान प्रबल हुआ है और उनके लिए इस छापे को छुड़ाना ही बहुत मेहनत का काम रहा।

जम्मू इलाके में भाजपा काफी मजबूत रही है और पुनर्गठन के क्रम में जम्मू क्षेत्र की सीटें घाटी से ज्यादा हो गई हैं। जब तक चुनाव मुख्य रूप से घाटी में था और इंजीनियर राशिद की रिहाई या जमाते इस्लामी वाले उम्मीदवारों के आने का क्रम चला तब तक यह स्वर कुछ मंदा रहा पर चुनाव का अंत आते आते यह प्रबल हुआ। कई लोग इसे चुनाव के दौरान हवा बदलना भी बताते हैं। उनके दावों पर मतदान के बाद कुछ कहने का मतलब नहीं है क्योंकि चुनाव में जनता वाला 'खेल' खत्म हो गया है। अब जनप्रतिनिधियों, सत्ता के सूत्रधार राजनेताओं और कई बार अधोषित रूप से होने वाला थैलीशाहों का खेल शुरू होगा। और कश्मीर का मामला हो तो इसमें बाहरी शक्तियां भी छोटी बड़ी भूमिका निभाने पहुंच जाती हैं भले उनकी ज्यादा चले या न चले।

भाजपा की तरफ से और मीडिया के एक वर्ग द्वारा इस चुनाव में बहुत कुछ अपूर्व और रिकार्ड कहा गया पर अभी मतदान में भी 2014 का रिकार्ड मुंह चिढ़ा रहा है। इस बार ज्यादा शांत और भागीदारी वाला चुनाव हुआ जिसे एक उपलब्धि मान सकते है। न बायकाट का आह्वान हुआ न बम फूटे, न पत्थरबाजी हुई न मतदान केंद्र पर ताबूत रखा गया और न हाथ काटने की धमकी सुनाई दी।

नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता–गोण्डा। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के भटपी में नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे चार युवक हादसे का शिकार हो गये। तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई फिर पलट गई। भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी चारों दोस्तों को गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार की रात करीब 11 बजे इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली मोड़ के पास तेज रफ्तार एक बोलेरो आम के पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। गड्ढे में पानी भरा हुआ था। कोतवाली देहात अतर्गत ठड़वकी–पट्टी दुल्लापुर तरहर निवासी अभिषेक साहू (21), झंझरी के तिवारीबाजार निवासी रामबचन पांडेय (23), दुर्गापुर तरहर कचनापुर के रहने वाले दीपू मिश्र (21) और कोतवाली देहात अंतर्गत कंसापुर निवासी कर्म सिंह (24) गंभीर रूप से घायल हो गए।

वाहन चला रहे दीपू के भाई की भटपी में ससुराल है। सभी नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे भटपी गांव जा रहे थे। गश्त पर निकले वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमन कुमार को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाकर सभी घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला और एंबुलेंस से उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। हादसे में चारों युवकों की मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सड़क हादसे के शिकार चारों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा के लिए पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि सभी की सांसें थम चुकी हैं। चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।

नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने लिया मां ब्रम्हचारिणी का आशीर्वाद

संवाददाता–बलरामपुर। शारदीय नवरात्र पर्व के दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना की गई। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का तांता जिले भर के देवी मंदिरों पर लगा रहा। भक्तों ने मां जगदम्बा को प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए वरदान मांगा। मंदिरों पर बज रहे घंटा घरियाल से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ जुटी।

जिले के झारखंडी मंदिर, सिटी पैलेस स्थित काली मंदिर, टेढ़ी बाजार स्थित बड़की बहिनी थान, खलवा स्थित समय माता मंदिर, कालीथान चौराहा स्थित कालीथान, भगवतीगंज स्थित काली मंदिर, बिजलीपुर स्थित मां बिजलेश्वरी मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर सहित जिले भर के दुर्गा मंदिरों पर भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिली। नवरात्र के दूसरे दिन मां भक्तों ने दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती, दुर्गा स्त्रोत व दुर्गा कवच आदि का मंदिर पर पाठ किया। मंदिरों पर नारियल चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर भक्तों से अपने व परिवार के सुख समृद्धि के लिए माता से प्रार्थना की। मंदिरों पर बज रहे लाउड स्पीकर पर भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों के गगनभेदी जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों की ओर से मां की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आकर्षक व मनमोहक पंडाल का निर्माण कराया गया है। ज्यादातर पंडाल को पूरी तरह से वाटरप्रूफ बनाया गया है। नगर के बड़ापुल चौराहा, मेजर चौराहा, बड़ी इमली, पूरब टोला, गुड़ मण्डी, पहलवारा, भगवतीगंज आदि स्थानों पर मां का भव्य पंडाल बनाया गया है। पहले दिन कुछ स्थानों को छोड़कर देवी मां का पट नहीं खोला गया। पंडाल में क्षमता से 50 प्रतिशत ही लोगों को मां का दर्शन करने को दिया गया।

परीक्षा देकर लौट रही किशोरियों से छेड़खानी, घटना का वीडियो वायरल

संवाददाता–देवरिया। जिले के तरकुलवा क्षेत्र में शुक्रवार को परीक्षा देकर घर लौट रहीं कक्षा 8 की दो छात्राओं के साथ बाइक सवारों ने छेड़खानी की। छात्राओं ने जब शोर मचाया तो गांव के लोग दौड़ पड़े। इसके बाद बाइक सवार मौके से भाग निकले। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के पुलिस हरकत में आई। पुलिस बाइक सवारों की तलाश में जुटी है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में एक गांव की दो छात्राएं कक्षा 8 में पढ़ती हैं। शुक्रवार को दोनों अर्धवार्षिक की परीक्षा देकर अपने घर लौट रही थी। नहर पर सुनसान रास्ते पर उन्हें अकेला पाकर एक बाइक सवार चार लड़कों ने छेड़खानी शुरू कर दी। लड़कियां भागीं तो बाइक सवारों ने गाड़ी रोक कर छात्राओं को दौड़ा लिया। लेकिन

तब तक वह चिल्लाने लगी। उनकी चीख सुनकर गांव के लोग दौड़े तो बाइक सवार युवक फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। हालांकि हिंदुस्तान इसकी सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वायरल वीडियो की मदद से बदमाशों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने कहा कि मामला जानकारी में है। छानबीन की जा रही है

कुछ माह पहले एक इंटर कॉलेज से पढ़कर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने इसमें कड़ा रूख अख्तियार करते हुए दो लड़कों का शांति भंग में चालान किया था। तब से मामला शान्त चल रहा था। अब एक बार फिर मनबढ़ों ने छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है।

जनपद स्तरीय 68 वीं बालिका खो–खो प्रतियोगिता सम्पन्न

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। 68 वीं जनपद स्तरीय बालिका खो – खो प्रतियोगिता का आयोजन झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महादेवा विधायक दूधराम और जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। आयोजक मंडल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर बालिका वर्ग में बेसिक शिक्षा की टीम विजेता तथा झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग में नरेंद्र प्रसाद मिश्र शान्ति देवी बढ़नी की टीम विजेता तथा झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालिका वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज हरैया विजेता तथा राजकीय हाईस्कूल सिकटा की टीम उपविजेता रही। टीमों को पुरस्कृत करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के खेलों के आयोजन से अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। वहीं एक दूसरे को मदद के लिए तत्पर रहने की भावना भी पैदा होती है। चयनकर्ता टीम में प्रभाकर रंजन ओझा, विवेक कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार निर्णायक मंडल में ओमकार, विपिन वर्मा, मो. शाबान तथा स्कोरर हरीश सिंह, आदित्य सिंह, अरुण कुमार और सुनील रहे। प्रतियोगिता का संचालन अजय कुमार वर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आज्ञाराम वर्मा, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी, राजेश सिंह, अमित यादव, माता प्रसाद त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव, अरुण कुमार, अमरनाथ मौर्या, रमेश गुप्ता, सुभाष यादव, नवनीत पाण्डेय, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे

युवाओं एवं महिलाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाने पर जोर

संवाददाता–बलरामपुर। सदस्यता अभियान 2024 के अन्तर्गत शुक्रवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिला समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को अधिक से अधिक ऑनलाइन सदस्यता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्य के सापेक्ष सदस्यों की संख्या में काफी अच्छी है। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें, जिससे पार्टी से मिला लक्ष्य समय से पूरा हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व सभी जनप्रतिनिधि लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी जान से लग जाएं। भाजपा की नीतियों को देखते हुए लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रत्येक बूथ पर 100 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है। सदस्यता अभियान में युवा वर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता कार्यकर्ता दिलाएं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, विष्णुदेव गुप्ता, रवि मिश्रा, बिन्दू विश्वकर्मा, राम करन मिश्रा, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, अजय सिंह पिंकू, शिव प्रसाद यादव, अवधेश तिवारी तरुण, ललिता तिवारी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, शशांक सिंह, दुष्यंत चौधरी, अपूर्व प्रताप सिंह, अंशुमान शुक्ला व अंशुमाली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

जबरन रुकवा दिया डीजे, पुलिस ने संभाली स्थिति

संवाददाता–श्रावस्ती। थाना हरदत्त नगर गिरंट की ग्राम पंचायत रानीसीर चिरैया से गोसाईं बाबा मंदिर पर10साल से गांव की महिलाएं कलश भर कर पूजा पाठ करती हैं। शुक्रवार को कलश भरने के लिए जा रही महिलाओं के साथ बज रहे डीजे को समुदाय विशेष के लोगों ने बंद करा दिया। पुलिस ने समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

रानीसीर चिरैया गांव की महिलाओं के साथ बेगमपुर की भी महिलाएं कलश भरने के लिए जाती हैं और गांव के नजदीक इसी जमुनहा बहराइच मार्ग पर बेगमपुर गांव समीप कालीथान गांवट माता मंदिर पर कलश स्थापित करती हैं। शुक्रवार को भी रानीसीर चिरैया गांव की महिलाएं कलश भरने के लिए गाजे–बाजे के साथ निकली थीं। जिस पर बेगमपुर की महिलाओं ने बेगमपुर में डीजे के साथ जाने की बात करने लगी। जैसे ही डीजे बेगमपुर गांव के तरफ आने लगा वैसे ही दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे रुकवा दिया। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई। जानकारी हरदत्त नगर गिरंट थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। जिस पर मल्हीपुर तथा हरदत्त नगर गिरंट की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी।

थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने डीजे को लाकर गिरंट थाने पर खड़ा करा दिया और दोनों पक्षों को भी बैठ दिया। डीजे इस शर्त पर छोड़ा गया कि कलश भरवाकर रानीसीर चिरैया गोसाईं बाबा मंदिर तक जाकर पुनः डीजे को लाकर थाने पर खड़ा कर दें। फिर हाल पुलिस ने रानीसीर चिरैया गोसाईं बाबा मंदिर पर मां की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू करने के लिए छूट दी। जबकि बेगमपुर तक कालीथान गावट माता तक भी गाजे–बाजे के महिलाएं जल भरकर गावट स्थान पर रख दिया। पुलिस सुरक्षा की दृष्टि बेगमपुर कालीथान गावट स्थान पर पुलिस फोर्स तैनात है। रानीसीर चिरैया व बेगमपुर से दोनों समुदाय के लोगों को पुलिस पाबंद करने के लिए कार्रवाई कर रही है।

मुजेहना ब्लाक का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता–गोण्डा। मुजेहना ब्लॉक का डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता ने शुक्रवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। करीब डेढ़ घंटे तक समीक्षा कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने विकास खंड स्तर पर संचालित सभी योजनाओं के बारे में मातहत अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान सीडीओ ने ब्लॉक कैम्पस में संचालित सभी विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थापना कक्ष, मनरेगा कक्ष, कंप्यूटर कक्ष सहित सभी पटलों का निरीक्षण किया और अभिलेखों के समुचित रखरखाव का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि कैम्पस में जो भी कार्यालय निष्प्रयोज्य हो गए हैं, उनकी कार्यवाही करते हुए निस्तारित किया जाय। साथ ही बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत सचिवों के लिए एक दैनिक डायरी तैयार की जाय जिसमें उनके द्वारा प्रतिदिन किये गये कार्यों को अंकित किया जाय।

निरीक्षण के दौरान बोरिंग टेक्नीशियन से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि इस विकासखंड में किसानों को अनुदान दिया जा चुका है। इस दौरान डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ मुजेहना राजेंद्र प्रसाद ,एडीओ पंचायत सतीश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवरात्र कार्यक्रम देखने गए किशोर को पीटा, गंभीर

संवाददाता–श्रावस्ती। दुर्गापूजा का कार्यक्रम देखने दूसरे गांव गए एक किशोर का कुछ अन्य किशोरों से विवाद हो गया। जिसमें किशोर की पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पंचायत बरगदहा के मजरा डिलवा में पूजा पंडाल दुर्गा प्रतिमा रख धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बरगदहा गांव निवासी गोलू शर्मा (12) पुत्र सुरेश शर्मा गुरुवार रात में कार्यक्रम देखने गांव के ही अन्य बच्चों के साथ डिलवा गांव गया था। इस दौरान साथी बच्चों से उसका कुछ विवाद हो गया। जिसके बाद कई बच्चों ने मिलकर गोलू की पिटाई कर दी। पिटाई से गोलू बेहोश होकर गिर गया। लोगों की ओर से परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुनहा में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया।

विवाहिता की हत्या में पति समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता–गोण्डा। थाना क्षेत्र के ग्राम चरहुआं के मर्यादपुरवा में दहेज में कार न मिलने से नाराज ससुरालीजनों पर विवाहिता रुकमणी की हत्या किए जाने का आरोप उसके भाई ने लगाया है। गुरुवार की दोपहर संदिग्ध हालात में उसका शव घर के ऊपर बने कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला था।

मृतका के भाई की तहरीर पुलिस ने पति सहित छह ससुराली जनों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि पति रणविजय गोस्वामी, ससुर घिर्राज व सास उर्मिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बाराबंकी जिले के थाना मोहम्मदपुर खाला के ग्राम बम्भनावा निवासी हरिओम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि माह जुलाई 2018 में उसने बहन रुकमणी की शादी परसपुर थाना क्षेत्र के मर्याद पुरवा निवासी रणविजय गोस्वामी के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान–दहेज देकर उसे विदा किया। एक वर्ष बाद ससुराल वाले दहेज में कार की मांग को लेकर उसे आए दिन प्रताड़ित करने के साथ धमकाते थे कि जैसे तुम्हारी बहन का हाल किया है वैसे तुम्हारा हाल करूंगा। आरोप लगाया है कि कार न मिलने से नराज ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी। सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि छह नामजद अभियुक्तों में तीन की गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस शेष आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान कृष्ण का विग्रह–डॉ. राघवाचार्य

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। राम कथा पार्क में मूर्न्य पंडित उमापति त्रिपाठी महाराज के आशीर्वाद से तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के सौजन्य से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा द्वितीय दिवस की बेला में जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत भगवान कृष्ण के साक्षात विग्रह के रूप में विराजमान हैं ब्रह्म सूत्र की सरस व्याख्या श्रीमद् भागवत है। ब्रह्म के जीव और माया दोनों विशेषण ऐसी व्याख्या जगतगुरु रामानुजाचार्य महाराज ने की। माधवाचार्य महाराज ने कहा जगत सत्य है झूठ नहीं है जगत को लोग झूठ कहते–कहते थक गए लेकिन जगत सत्य ही है। यह जीव जो है ब्रह्म से भी है ब्रह्म के समान हो सकता है लेकिन वह जीव ब्रह्म से अलग है लेकिन ईश्वर के आधीन है। विभिन्न विद्वानों में वेदांत के अलग–अलग व्याख्या की लेकिन सभी ने कहा वेदांत की व्याख्या क्या है तो सभी ने कहा कि श्रीमद् भागवत वेदांत की व्याख्या है। जो सबको प्रेरणा दे उसको सविता कहते है उसे सबको प्रेरणा देने वाले भगवान कृष्ण है, सविता का मतलब भगवान कृष्ण और भगवान रघुनंदन है।कथा का विस्तार करते हुए श्री महाराज जी ने बताया कि भागवत भगवान का अक्षरावतार है। वक्ता श्रोता के धर्म को विवेचना करते हुए बताया कि वक्ता का चरित्र स्वच्छ होना चाहिए, वहीं श्रोता भगवान के प्रति समर्पित होना चाहिए। वक्ता प्रेरणा का पुंज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान जीव का उद्धार करते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप अवध धाम में कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। कथा शुभारंभ के पहले पंडित शिवेश्वरपति त्रिपाठी, पंडित श्रीशपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और व्यास पीठ पर विराजमान जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के विश्राम मेला पुनः आरती उतारी के और प्रसाद वितरण किया गया। आज की कथा में संघ के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल जी सहित सैकड़ो की संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत रूद्रेश त्रिपाठी ने किया।

मुस्कान एवं प्रॉमिनेंट के बच्चों ने मनाया गांधी जयंती

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या ।अयोध्या का प्रथम अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने वाला विद्यालय प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से गांधी जयंती मनाई। बच्चों ने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की पोस्टर प्रतियोगिता में ही भाग नहीं लिया वरन् सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए । बच्चों ने गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम भी गाया तथा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर जी के चित्र पर माला पहनाई और फूल चढ़ाए बच्चों ने कविता ,भजन ,नृत्य व माइम भी प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर डॉ रानी अवस्थी भी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जहां सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी वही पर देश के लाल लाल बहादुर शास्त्री ने देश के किसान व देश के जवानों की महत्वता को समझाते हुए जय जवान जय किसान का नारा दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफी बांटी गई और प्रतियोगिता में सफल बच्चों को पुरस्कृत करने का वादा किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

महादेव गोसाईं के पास निराश्रित बछड़े को तेंदुए ने बनाया निवाला

संवाददाता–बलरामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत महादेव गोसाई रोड स्थित शिव मंदिर पुल के निकट तेंदुए ने निराश्रित बछड़े को निवाला बना लिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को शुक्रवार सुबह हुई है। गुरुवार देर शाम महदेइया मार्ग स्थित शिव मंदिर पुल के पास तेंदुआ देखकर ग्रामीणों को भागना पड़ा। गैरडी के हलौरा गांव में तेंदुआ पिंजड़े के निकट नहीं जा रहा। आस पास के क्षेत्रों में तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत है। हलौरा गांव में तेंदुआ अब तक चार बकरों को निवाला बना चुका है। जिले के तराई क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बढ़ती जा रही है।

महराजगंज तराई क्षेत्र में पिछले तीन माह से तेंदुए की दहशत है। तेंदुआ अब तक आधा दर्जन मवेशियों व बकरों को निवाला बना चुका है। तेंदुआ महदेइया, मूडाडीह, खैरहनिया, मोतीपुर, बल्दीडीह, गूजरपुरवा, बेलासपुर, बरगदही, सुगानगर, मिर्जापुर व लहेरी गांव के आस पास लगातार दिख रहा है। मंगरे, नीबर, अमिरका, संतराम, मुकेश, तिलके व महेश आदि लोगों का कहना है कि जंगल से निकला तेंदुआ गांव के आस पास मवेशियों पर हमला कर रहा है। गुरुवार रात तेंदुए ने खरझार नाला किराने मवेशी को अपना निवाला बना लिया। सुबह शौच के लिए गए लोगों ने बछड़े का अवशेष पड़ा देख शोर मचाया। गुरुवार देर शाम लालजी सिंह, विनोद सिंह, मुन्ना जायसवाल, डॉ डीपी सिंह, डॉ आरएन यादव, छोटू मिश्रा आदि महदेइया दावत में जा रहे थे। पुल पर बैठा तेंदुआ देखकर वे ठहर गए। तेंदुआ दस मिनट तक उनसे आंख लड़ाए खड़ा रहा। बाइक सवार सभी लोग वहां से भाग निकले। लोगों ने कुछ दूर जाकर हल्ला मचाया। दांदव गांव के लोगों ने भी हल्हा मचाया तो तेंदुआ भाग निकला, जिसके बाद लोग वहां से जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए कई बार मांग की गई, लेकिन उस पर वन विभाग कर्मियों ने विचार नहीं किया और न ही क्षेत्र में पिंजड़ा लगाया गया।

अमर शहीद लाहिड़ी द्वार का किया लोकार्पण

संवाददाता–गोण्डा। कलेक्ट्रेट परिसर में बने नवनिर्मित अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी द्वार का लोकार्पण अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मणि तिवारी ने किया। इसे उन्होंने अमर शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार के बगल में स्थित नवनिर्मित अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी द्वार का लोकार्पण अवध बार एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष आनंद मणि तिवारी ने किया। इसके बाद उन्होंने बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित बैठक को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए बार एसोसिएशन द्वारा बनवाए गए अमर शहीद द्वार को ऐतिहासिक कार्य व शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महामंत्री ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व अंगवस्त्र तथा मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व संचालन महामंत्री चन्द्र मणि तिवारी ने किया। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष संगमलाल द्विवेदी, महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय,विंदेश्वरी प्रसाद दूबे, रवि चंद्र त्रिपाठी, राजेश ओझा, के के मिश्रा, डीपी ओझा,विनय मिश्रा, भगौती प्रसाद पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

भगवान के विवाह का प्रसंग देख मंत्र मुक्त हुए भक्तगण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। अयोध्या धाम में श्री तुलसीदास रामलीला न्यास द्वारा संचालित स्वामी श्री भगवदाचार्य स्मारक सदन की ऐतिहासिक एवं पौराणिक रामलीला का पंचम दिवस की बेला में धनुष यज्ञ यज्ञ के बाद राजा दशरथ को निमंत्रण पहुंचा दशरथ जी महाराज बारात लेकर के जनकपुर पहुंचे जहां बारातियों का भव्य स्वागत हुआ राजा जनक जी राजा दशरथ ऋषियों मुनियों के साथ बैठकर विवाह की मुहूर्त निकले और शुभ मुहूर्त में प्रभु श्री राम माता जानकी सहित चारों भाइयों का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद चारों भाइयों को कलेवा खिलाया गया, पंचम दिवस की रामलीला यही संपन्न हुई।

रामलीला शुभारंभ के पहले आरती उतारी गई वहीं चतुर्थ दिवस की रामलीला में अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह रामलीला में पहुंचे रामलीला देखी और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा भी मौजूद रहे। पंचम दिवस की रामलीला में अध्यक्ष विन्दु गाद्याचार्य श्रीमहंत देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज,महामंत्री महंत संजय दास महाराज, कोषाध्यक्ष भक्तमाल पीठाधीश्वर श्रीमहंत अवधेश कुमार दास महाराज,उपाध्यक्ष नागा राम लखन दास महाराज, व्यस्थापक वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास जी महाराज, स्वागताध्यक्ष महंत धनुषधारी शुक्ला एवं राजीव रंजन पांडेय , महंत एमबी दास महाराज, अभिषेक दास शहीद दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

सर्पदंश से 12वीं की छात्रा की मौत

संवाददाता–गोण्डा। सर्पदंश के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय 12वीं की छात्रा की मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना तरबगंज थाना क्षेत्र के गौहानी ग्राम पंचायत की है। जहा गुरुवार की रात में नेहा उर्फ सन्नो 17 वर्ष पुत्री पप्पू मिश्रा घर के बरामदे में सोई हुई थी, रात में लगभग डेढ़ बजे किसी जहरीले सांप ने हाथ की अंगुली में काट लिया। रात में परिजनों ने झाड़ फूक कराया, सुबह इलाज के लिए तरबगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां हालत बिगड़ते देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।

उधर, वजीरगंज क्षेत्र के भगोहर पुरैना निवासी अनिल गोस्वामी को अज्ञात कीड़े के काटने पर सीएचसी लेकर प्राथमिक उपचार किया गया। पीड़ित अनिल के अनुसार वो खेत में बैठा था तभी अचानक हाथ में कुछ चुभने का अहसास हुआ। पीड़ित ने सांप को भागते हुए देखा।

पचासा गांव में लगाए गए ट्रेपिंग क्रेज में फंसा तेंदुआ

संवाददाता–बहराइच। कतर्नियां घाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज में जंगल के समीप बसे धर्मपुर बेझा के मजरा पचासा में कई दिनों से मवेशियों का शिकार करने वाला तेंदुआ गुरुवार की रात पिंजरे में कैद हो गया। इसकी भनक लगते ही गश्त कर रही वन महकमे की टीमों ने पहुंच कर डीएफओ को इसकी जानकारी से अवगत कराया है। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र धर्मपुर बेझा के मजरे पचासा गांव के आसपास तेंदुआ लगातार आबादी में घुसकर मवेशियों का शिकार कर रहा था। जिसके मद्देनजर वन महकमे की ओर से तेंदुए की मूवमेंट ट्रेस कर ट्रेपिंग क्रेज लगाया गया था। गुरुवार रात लगभग 12ः00 बजे वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में बंधी बकरी के शिकार के प्रयास में तेंदुआ कैद हो गया । रविवार रात धर्मपुर बेझा के मैकपुरवा में पिंजरे में तेंदुआ कैद हुआ था। जबकि बुधवार रात सुजौली के अयोध्यापुरवा में दूसरा तेंदुआ कैद हुआ। छह दिनों के भीतर तीन आक्रामक हुए तेंदुओं के भी पिंजरे में कैद होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

बिना आयुष्मान कार्ड जरूरतमंदों के इलाज करवाएगी सरकार, जनता दरबार में सीएम योगी ने दिया आश्वासन

संवाददाता–गोरखपुर। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन जरूरतमंद के आयुष्मान कार्ड नहीं है उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवाए हैं। उनके इलाज का खर्च सरकार देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक–एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको मदद का भरोसा दिया। इस दौरान एक महिला की समस्या जानते ही उन्होंने अफसरों से कहा कि उक्त महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज का इस्टीमेट मंगाइए। पैसा सरकार देगी। सीएम ने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें ताकि इलाज के लिए किसी को परेशान न होना पड़े।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। उनसे नाम पूछने के साथ पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान पारंपरिक दिनचर्या में शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा में कुछ व्यतीत किया। सीएम योगी ने गोवंश को अपने हाथोंसेगुड़खिलाया।

सपा का मतलब गुंडागर्दी, बर्बादी, भाजपा का मतलब विकास –केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता–अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित राय पट्टी स्थित गहनाग आश्रम मैदान में आयोजित पिछड़ी जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया।

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित राय पट्टी स्थित गहनाग आश्रम मैदान में आयोजित पिछड़ी जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह गहनाग बाबा की धरती है जहां दर्शन मात्र से ही सांप का काटा व्यक्ति ठीक हो जाता है। 2014 में कमल खिलाया था लेकिन तब हम वह विकास नहीं कर पाए। क्योंकि उस समय समाजवादी सरकार रूपी बैरियर लगा हुआ था। आज मोदी जी की ही देन है कि गरीब भी गैस पर खाना बना रहा है। हर घर मे बिजली पहुंच चुकी है।

हर घर रोशन हो चुका है। आज सरकार से किसानों को दो–दो हजार की किश्त मिल रही है। अभी तक पांच करोड़ आवास बन चुके हैं। जिन गरीबों को साजिश के तहत घर नहीं मिला, उसे चिन्हित कर दिया जाएगा। गरीब महंगे उपचार से वंचित न रहे, इसलिए पांच लाख तक मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना संचालित की गई है।

सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडागर्दी, बर्बादी भ्रष्टाचार भाजपा का मतलब विकास है। अखिलेश यादव दुष्कर्म करने वालों को बचाना चाहते है। दुष्कर्म के आरोपी का डीएनए टेस्ट की बात करते है। मैं अखिलेश यादव से कहना चाहता हूं कि आप चाहकर भी किसी अपराधी को बचा नहीं सकते। संबोधन के पश्चात उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व डमी चेक देकर सम्मानित किया।

सीएम योगी ने सबसे कम उम्र के फिडे रेटेड खिलाड़ी के साथ खेला शतरंज

संवाददाता–गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को फीडे रेटेड खिलाड़ी और गोरखपुर के रहने वाले कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने लिटिल चौंप से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह–मात पर खूब बात की। खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगाव जग जाहिर है। जब बात खेल की नन्ही प्रतिभाओं की हो तो फिर कहना ही क्या। दरअसल गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री में देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी और गोरखपुर के रहने वाले कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने इस लिटिल चौंप से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह–मात पर खूब बात की। कुशाग्र अग्रवाल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ 5 साल 11 माह के हैं और यूकेजी में पढ़ते हैं। लेकिन उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है। 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे–रेटेड खिलाड़ी हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली। शतरंज का शुरुआती प्रशिक्षण उन्हें अपनी बहन अविका से मिला जो खुद भी शतरंज की बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल कुशाग्र को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया बल्कि उनके साथ शतरंज खेलकर खूब उत्साह भी बढ़ाया। उन्होंने कुशाग्र से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए यूपी सरकार हर तरह की मदद करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शतरंज का नन्हा अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आने वाले समय में गोरखपुर और प्रदेश का नाम देश–दुनिया में रोशन करेगा।

अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 177/2024
घनश्याम सादव–सायल
1 घनश्याम सादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र राम हिरंजन यादव निवासी ग्राम कटया रतासगढ़ पोस्ट कटया थाना नगर तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 11–10–2024

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925
दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 11–10–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।
द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–314/1992
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

विश्वदेव शुक्ल
बनाम
विन्ध्यवासिनी आदि

1. श्रीमती नर्वदा पत्नी नरसिंह नरायन 2. उमाशंकर शुक्ल पुत्र नरसिंह नरायन 3. सुनील शुक्ल पुत्र नरसिंह नरायन साकिनान मौजा जिगिना तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 14–10–2024

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 10 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 04 माह 10 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा (आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 47/2013

कपिल देव आदि
बनाम
कैलाश आदि

6/1 फूलदेव उम्र करीब 35 वर्ष 6/2 चन्दू उम्र करीब 32 वर्ष 6/3 मदन उम्र करीब 28 वर्ष पुत्रगण राजाराम 6/4 हिमांशी उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी चन्द्रभान 6/5 पंकज उम्र करीब 14 वर्ष 6/6 अंकज उम्र करीब 12 वर्ष पुत्रगण चन्द्रभान नावालिगान बवलायत हिमांशी साकिन हरैया तप्पा डीही परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 14–11–2024

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 14 माह 11 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अपहृत मासूम का नहीं मिला सुराग, पुलिस की सात टीमें लगीं

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के खखरा खुर्द गांव से एक छह साल की बच्ची का अपहरण गुरुवार दिन में ढाई बजे हो गया था। अपहरणकर्ता उसे गोद में लेकर भाग गया था। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस की सात टीमें उसकी तलाश में लगाई गई हैं। अनुष्का (6) पुत्री दिलीप यादव गांव के ही प्राइमरी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। वह गुरुवार दोपहर ढाई बजे के आसपास स्कूल से पढ़ कर घर आई थी। उसने घर के अंदर बस्ता रखा और घर के बाहर नल पर मुंह धोने चली गई थी। कुछ देर बाद बच्ची की मम्मी मुझे बचा लो की दो बार आवाज सुन कर मां रीता बाहर आई तो देखा कि एक व्यक्ति जो पैंट व काली कलर की शर्ट पहने था बच्ची को गोद में लेकर भाग रहा है। उसने शोर मचाया लेकिन इस दौरान बेटी को ले जाने वाला कहां चला गया वह देख नहीं सकी। शोर सुन कर आसपास के लोग पहुंच गए और तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस व एसओजी भी मौके पर पहुंच गई थी। पूरी रात बच्ची की तलाश की गई। शुक्रवार को भी दिन भर सर्च आपरेशन चलता रहा लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। चौबीस घंटे से अधिक का वक्त गुजरने और बच्ची का पता न चलने से परिवार के लोगों का दिन का चौन और रात की नींद गायब हो चुकी है। वह सब उसकी सलामती की दुआएं कर रहे हैं। बच्ची के पिता दिलीप यादव ने कहा कि अब तक पता नहीं चल सका है। हम सब बहुत परेशान हैं। मासूम की तलाश में एसपी प्राची सिंह ने सात टीमें लगाई हैं जो हर संभावित स्थानों पर उसे तलाश कर रही है। नेपाल सीमा से लेकर जिले से सटी अन्य जनपदों की सीमा पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। रेलवे, रोडवेज आदि स्थानों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है। गुरुवार को अपहृत छह साल की मासूम अनुष्का की फोटो पुलिस प्रशासन ने पड़ोसी जिलों में भी भेज दी है, जिससे अगर वहां कहीं हो तो उसका सुराग लगाकर बरामद किया जा सके। पुलिस अपने स्तर से प्रयास कर रही है फिलहाल सफलता हाथ नहीं लगी है। मासूम के अपहरण के बाद से ही पुलिस सक्रिय है। सात टीमों का गठन कर सकुशल बरामदगी के निर्देश दिए गए हैं। आसपास के जिलों से भी सहयोग लिया जा रहा है। मैं लगातार अपडेट ले रही हूं।

कार्यालय ग्राम पंचायत संग्रामपुर विकास खण्ड हर्रैया-बस्ती।

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (S.L.W.M.) केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई–रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेन्ट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, रोडा, सीमेन्ट, रेट्रोफिटिंग मोरंग, बालू, इण्टरलाकिंग ईट सरिया, लोहे का जाल हयूम पाइप वाल पुट्टी टीन चादर बजरफुट बजरी वाल पेटिंग प्लास्टिक पाईप कलेक्शन सेंटर हैण्डपम्प मरम्मत, रिबोर इलेक्ट्रानिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनाकः 05.10.2024 से 10.10.2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जो दिनाक 11.10.2024 सायं 12:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी। प्रतिबन्ध जो दिनाक नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

नोटः– निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा।

ग्राम प्रधान–श्रीमती विजय लक्ष्मी
ग्राम पंचायत-संग्रामपुर
विकास खण्ड-हर्रैया, बस्ती

सचिव/ग्रां.प्र.अ.-अखण्ड प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत-संग्रामपुर
विकास खण्ड-हर्रैया, बस्ती

पत्रांक मेमो /04.10.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

कार्यालय ग्राम पंचायत चौकड़ी विकास खण्ड हर्रैया-बस्ती।

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (S.L.W.M.) केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई–रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेन्ट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, रोडा, सीमेन्ट, रेट्रोफिटिंग मोरंग, बालू, इण्टरलाकिंग ईट सरिया, लोहे का जाल हयूम पाइप वाल पुट्टी टीन चादर बजरफुट बजरी वाल पेटिंग प्लास्टिक पाईप कलेक्शन सेंटर हैण्डपम्प मरम्मत, रिबोर इलेक्ट्रानिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनाकः 05.10.2024 से 09.10.2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जो दिनाक 10.10.2024 सायं 12:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी। प्रतिबन्ध जो दिनाक नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

नोटः– निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा।

ग्राम प्रधान–श्रीमती बेबी शर्मा
ग्राम पंचायत-चौकड़ी
विकास खण्ड-हर्रैया, बस्ती

सचिव/ग्रां.प्र.अ.-अखण्ड प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत-चौकड़ी
विकास खण्ड-हर्रैया, बस्ती

पत्रांक मेमो /04.10.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

कार्यालय- ग्राम पंचायत-लक्ष्मनपुर विकास खण्ड-सल्टौआ गोपालपुर, जनपद-बस्ती

–:अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना:–

ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर** विकास खण्ड **सल्टौआ गोपालपुर** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, राज्य वित्त, तेरहवां वित्त, चौदहवां वित्त, पंद्रहवां वित्त, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि, स्वच्छ भारत मिशन अभियान (SLWM) योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, बालू, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, व पेन्ट, वायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैंडपंप परम्मत, प्लास्टिक बैंक, ई–रिक्शा, साइकिल रिक्शा, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई किट, छिड़काव मशीन, आरो प्लान्ट से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14.10.2024 को 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **लक्ष्मनपुर** के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु. 5000/(पांच हजार रुपये) होगी।

नियम व शर्ते :–

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाये वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7– सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9– आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10– ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरे प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11– सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिपएण्जेन्सी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गयी सीमेन्ट का है पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13– स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14– धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर** के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15– आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने के दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16– निविदा फार्म ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17– सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमती शायरा बानो
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–**लक्ष्मनपुर**
विकास खण्ड–सल्टौआ गोपालपुर
जनपद–बस्ती

अनुरोध कुमार श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत–**लक्ष्मनपुर**
विकास खण्ड–सल्टौआ गोपालपुर
जनपद–बस्ती

पत्रांक मेमो /04.10.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

सिपाही ने चेंबर में घुसकर हथौड़ा से डाक्टर का सिर फोड़ा

संवाददाता–गोरखपुर। शहर के मशहूर डाक्टर अनुज सरकारी के चेंबर में घुसकर एक सिपाही ने हमला कर दिया। सिपाही ने हथौड़ा से प्रहार कर डाक्टर का सिर फोड़ दिया। संतकबीरनगर में तैनात सिपाही पंकज कुमार डाक्टर अनुज के यहां अपनी पत्नी का इलाज करा रहा था। गुरुवार को पैसे के लेकर विवाद के बाद डाक्टर और सिपाही में धक्का मुक्की हुई थी। उसी का बदला लेने शुक्रवार को सिपाही हथौड़ी लेकर आया और डाक्टर के चेंबर में घुसकर डाक्टर पर हमला कर दिया। डाक्टर खतरे से बाहर हैं। कैंट पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर दिया।

दैनिक भारतीय बस्ती
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय– चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय– आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय– इलाहीबाग गोरखपुर।
मो0 9450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com